Title : Need to augment V.T.S. capacity in Sheoni district and introduce mobile services at Murai and Khawasa border on National Highway No. 7 in Madhya Pradesh. -- Laid.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में भारत संचार निगम की सेलुलर मोबाइल सेवा प्रारंभ हुई है। जिसकी वी0टी0एस0 की क्षमता कम होने के कारण उपभोक्ताओं की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। इस मशीन की क्षमता अभी 1300 कनैक्शनों की है, जो जिले की मांग को देखते हुए काफी कम है। वी0टी0एस0 की क्षमता को बढ़ाकर दुगुना करने की आवश्यकता है। सिवनी से होकर रा0रा0मार्ग 7 गुजरता है, जो उत्तर-दक्षिण कारीडोर में परिवर्तित हो चुका है। सिवनी-नागपुर राजमार्ग पर कुरई तथा खवासा बार्डर पर भी अभी तक मोबाइल सुविधा उपलब्ध नहीं है। मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि जनहित में शीघ्र ही सिवनी नगर की वी0टी0एस0 क्षमता बढ़ाने तथा रा0रा0 मार्ग 7 के कुरई तथा खवासा बार्डर पर मोबाइल सेवा प्रारंभ करने का कट करें।

<